उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 23.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'साइबर जागरुकता' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 23.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना चरखारी एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर जागरुकता अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।





## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में, दिनांक 22.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम प्रभारी चौकी सौरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त राहुल अहिरवार पुत्र मूलचन्द्र अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए यात्री प्रतीक्षालय झांसी हरपालपुर रोड बहद ग्राम सौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 138/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1.उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम प्रभारी चौकी सौरा

2.हे0कां0 जंगबहादुर यादव

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

राहुल अहिरवार पुत्र मूलचन्द्र अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 23.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 सूर्यभान सिंह मय उ0नि0 मनोज कुमार मय हमराह हे0कां0 संदीप कुमार व कां0 अंकित पटेल के नेतृत्व में पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 137/25 धारा 305(D)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.राजू मंसूरी पुत्र मदार बक्श उम्र 52 वर्ष व 2.देवीदीन उर्फ देवेन्द्र पुत्र नत्थू अनुरागी उम्र 53 वर्ष निवासीगण काशीराम कालोनी राठ रोड थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को मो0 किदवई नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 अदद मूर्ति जानकी माता पीतल के बरामद हुआ। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सूर्यभान सिंह 2. उ0नि0 मनोज कुमार
3. हे0कां0 संदीप कुमार 4. कां0 अंकित कुमार पटेल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.राजू मंसूरी पुत्र मदार बक्श उम्र 52 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी राठ रोड थाना कोतवाली जनपद महोबा

2.देवीदीन उर्फ देवेन्द्र पुत्र नत्थू अनुरागी उम्र 53 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी राठ रोड थाना कोतवाली जनपद महोबा।

### बरामदगी-

अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद मूर्ति जानकी माता पीतल की बरामद होना।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-









आज दिनांक- 23.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना पनवाड़ी में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह व प्र0नि0 पनवाड़ी श्री अर्जुन सिंह की उपस्थिति में की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना श्रीनगर में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड एवं थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसी प्रकार थाना कुलपहाड़ में क्षेत्राधाकारी कुलपहाड़, श्री अरुण कुमार सिंह एवं प्र0नि0 कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा की मौजूदगी में जनसमस्याओं की सुनवाई की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई।

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 23 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 10 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी, इनमें से कुल 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है, शेष शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में, आज दिनांक 23.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 हीरामणि तिवारी मय हमराह हे0कां0 ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त राजेश कुशवाहा पुत्र गनेश कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम खन्ना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 95/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

राजेश कुशवाहा पुत्र गनेश कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 हीरामणि तिवारी
2. हे0का0 ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया

### बरामदगी –

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा PRV-112 वाहन संख्या 5819 का किया गया औचक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक- 23.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना समाधान दिवस, थाना पनवाड़ी से लौटते समय थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत संचालित यूपी-112 पीआरवी वाहन संख्या 5819 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पीआरवी वाहन में उपलब्ध सुसज्जित उपकरणों की स्थिति का परीक्षण किया गया तथा उनके प्रभावी प्रयोग एवं संचालन की जानकारी प्राप्त की गई। वाहन के रुट चार्ट, वाहन की साफ-सफाई, रख-रखाव तथा रिस्पांस टाइम की भी जाँच की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पीआरवी कमांडर एवं तैनात कर्मियों को उपकरणों के सही एवं समयबद्ध प्रयोग, उच्च गुणवत्ता वाले रिस्पांस टाइम तथा नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निरीक्षण के दौरान पीआरवी वाहन में रखे दंगा नियन्त्रण उपकरणों की जांच की, रिस्पांस टाइम का परीक्षण कर उसे और बेहतर बनाने, पीआरवी कमांडर को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने हेतु सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने स्पष्ट किया कि यूपी-112 परियोजना का मूल उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है, इसलिए प्रत्येक पीआरवी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना चाहिए।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 23.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा थाना श्रीनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 23.08.2025 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना श्रीनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना हाजा के रजिस्टर नंबर-4, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, शस्त्र रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, तहसील एवं थाना समाधान रजिस्टर आदि का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह की उपस्थिति में अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए—

सभी लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

थाना स्तर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं IGRS प्रकरणों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

महिला हेल्प डेस्क पर दर्ज शिकायतों एवं महिला संबंधी मामलों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए।

संवेदनशील एवं गंभीर मामलों में बीट पुस्तिका में सूचना दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही ऑपरेशन क्लीन-2 के अंतर्गत थाने में रखे गए जब्त माल का अधिक से अधिक निस्तारण करते हुए रिकॉर्ड को अद्यतन रखा जाए।

क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा आमजन की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।






## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा व क्षेत्राधिकारी चरखारी ने किया पैदल गश्त, सम्बन्धित को दिये गये निर्देश।

आज दिनांक 23.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा आगामी त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के दृष्टिगत थाना श्रीनगर क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले स्थानों, संवेदनशील स्थलों, प्रमुख कस्बों एवं बाजार क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सतर्कता बरतने एवं पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की।

पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिनमें विशेष रूप से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा वाहन की प्रभावी चेकिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर निरंतर निगरानी तथा त्यौहारों के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारीगण भी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहे। उन्होंने पैदल गश्त करते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गहन चेकिंग की। वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की कार्यवाही की गई। साथ ही पुलिस टीमों ने स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग हेतु जागरूक किया और शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने की अपील की।

त्यौहारों के दृष्टिगत महोबा पुलिस पूरी तरह अलर्ट एवं मुस्तैद है तथा आमजन के बीच सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

